# सरकारी योजनाओं की बदौलत एक मासूम को मिला नया जीवनदान

## दास्तां खुशियों की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखण्ड बिछुआ के एक छोटे से ग्राम में रहने वाले एक बालक का जीवन उस समय बदल गया जब आंगनवाड़ी केंद्र पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उसकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति का पता चला। बालक बार-बार बीमार रहता था और कुपोषण की श्रेणी में था। परीक्षण करने वाले चिकित्सक डॉ. दुर्गेश मराठा को उसमें जन्मजात हृदय रोग के लक्षण भी दिखे। आर.बी.एस.के. (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे एन.आर.सी. बिछुआ में भर्ती कराया और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया के लिए रेफर किया।

मुख्यमंत्री हृदय उपचार योजना एवं आरबीएसके योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा आरबीएसके नोडल अधिकारी के निर्देशन मेंए बच्चे को विशेष जांच एवं उपचार के लिए छिंदवाड़ा के डीईआईसी केन्द्र ले जाया गया। एलएन मेडिकल कॉलेज भोपाल द्वारा जांच उपरांत हृदय में छेद (एएसडी) की पुष्टि की गई, जिसका अनुमानित खर्च 95,000 रुपये बताया गया। परंतु परिजनों ने भोपाल में ऑपरेशन कराने में असमर्थता जताई।

ऐसे में बीएमओ डॉ. निलेश सिडाम के निर्देशन में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाया गया। इसके तहत 25 नवम्बर 2024 को नागपुर के माया हॉस्पिटल में बालक का नि:शुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन के बाद भी नियमित रूप से स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. दुर्गेश मराठा और एएनएम श्रीमती प्रयागवती तुमडाम द्वारा बच्चे की निगरानी की जा रही है।

आज यह बालक पूरी तरह स्वस्थ है और एक सामान्य जीवन जी रहा है। उसके माता-पिता ने प्रदेश शासन, कलेक्टर श्री सिंह, स्वास्थ्य विभाग और विशेष रूप से बिछुआ की आरबीएसके टीम का आभार व्यक्त किया है। यह उदाहरण एक सशक्त प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जाए और जरूरतमंदों तक पहुँचाया जाए तो कितनी ही जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

## सेराजेम संचालक ने नौ महिलाओं को रकम वापस की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के बी.एम.एस. आफिस के सामने स्थित सेराजेम के संचालक ने बेल्ट के लिए जिन लोगों के द्वारा राशि जमा की गई थी, उन्हें बेल्ट नहीं मिलने पर राशि वापस करना शुरू कर दिया है।

मंगलवार को संचालक ने बडकुही की 9 महिलाओं को 1250 रुपए प्रति महिला के हिसाब से 11,250/- रूपए वापस किए। संचालक ने बताया कि कम्पनी से बेल्ट नहीं आने के कारण मरीजों को परेशानी हुई और गलतफ्हमी की स्थिति पैदा हुई।

संचालक ने कहा कि और भी जिन लोगों ने बेल्ट के लिए राशि जमा की है, उन सभी को राशि वापस कर दी जाएगी। बता दें कि सेराजेम कम्पनी की इस बात को लेकर काफी फजीहत हो रही थी और सेराजेम जाने वालों के मन में अविश्वास की भावना पनप रही थी।

## सिंगोड़ी में लगा नया ट्रांसफार्मर



**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** ग्राम सिंगोड़ी में कई दिनो से ग्रामीणजन बार-बार बिजली गुल, फ्यूज और तार टूटने चिंगारी निकलने सहित विद्युत वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे जिसका समाधान बिजली अधिकारियों ने कर दिया है।

गत 7 जुलाई 2025 को दोपहर में अचानक भारी बारिश के चलते सिंगोड़ी ग्राम के जैन मोहल्ला का 200 के. वी. का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था जिसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव द्वारा अमरवाड़ा संभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश बेलवंशी एवं सहायक अभियंता नीतीश प्रजापति को दी गई। बिजली समस्या को देखते हुए मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल ही 200 के.बी. के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था बनाई गई एवं नया ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करके सिंगोड़ी भिजवाया गया जिसको संबंधित क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता एवं बिजली विभाग के स्टाफ द्वारा हर संभव संसाधन का उपयोग करते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर बदला गया एवं क्षेत्र की सप्लाई को पुन: सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया जिससे प्रभावित लगभग 200 से भी अधिक उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली।

वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग को धन्यवाद प्रेषित कर समय पर विद्युत व्यवस्था को सही करने को लेकर आभार भी व्यक्त किया है।

### सार समाचार

## गुरु पूर्णिमा पर श्री शिर्डी साईं मंदिर में भव्य एवं दिव्य आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी श्री शिर्डी सांई मंदिर द्वारा गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर विभिन्न अनुष्ठान एवं कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किया गया है। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 10 जुलाई दिन गुरुवार को शिर्डी सांई मंदिर विवेकानंद कालोनी में प्रात: 5:30 बजे काकड़ आरती, प्रात: 6:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार से बाबा का अभिषेक प्रकाश सांइखेड़कर एवं श्रुति सांइखेडकर के शुभ हस्ते संपन्न होगा। दोपहर 12:00 बजे मध्यान्ह आरती के उपरांत गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर मंदिर में संपूर्ण दिवस प्रसाद वितरण किया जायेगा। शाम 7:00 बजे धूप आरती तथा नाम स्मरण एवं विविध आयोजन संपन्न होंगे। रात्रि 10:00 बजे शेज आरती के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व पूर्णत: को प्राप्त होगा ।

सच्चिदानंद सेवा समिति के एस.वी. पुराणिक, जयन्त बक्षी, अवधूत मोहगावकर, देवराव उपासे, वीरेन्द्र तिवारी, नौखेलाल चौरासिया, मनोज वाघमारे, नीरज डोले, शिव माटे, धर्मेन्द्र भार्गव, वीरेन्द्र अलडक, व्ही.एस. राजपूत, बी.आर. झरबड़े ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## जिले में अब तक 371.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 371.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 258.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 08 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 71.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भ-अभिलेख ने बताया कि 08 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 47.8, मोहखेड़ में 55.3, तामिया में 90, अमरवाड़ा में 94.2, चौरई में 81.4, हर्रई में 140, बिछुआ में 64, परासिया में 54.1, जुन्नारदेव में 45.2, चांद में 61 और उमरेठ में 58.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 305.2, मोहखेड़ 349.2, तामिया में 382, अमरवाड़ा में 465.2, चौरई में 283.6, हर्रई में 584.8, बिछुआ में 240.4, परासिया में 291.2, जुन्नारदेव में 407.4, चांद में 314.1 और उमरेठ में 475.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## आज की हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ शामिल नहीं


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत देश के कुछ ट्रेड यूनियन द्वारा आज 09 जुलाई 2025 को लेबर कोड को लेकर देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है, भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में शामिल नहीं है। इस संबंध में राकेश श्रीवास्तव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि भारत सरकार ने देश में प्रभावी 29 श्रम कानून के स्थान पर 04 नए लेबर कोड का निर्माण वर्ष 2019 एवं 2020 के दौरान किया है। जिसके अंतर्गत 29 श्रम कानून को चार नवीन श्रम कोड में सम्मिलित कर इसका नामकरण इस प्रकार किया गया है। कोड ऑन वेजेस 2019, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020, इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020। भारतीय मजदूर संघ ने दो लेबर कोड ऑन वेजेस 2019, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 का स्वागत किया है।

कोड ऑन वेजेस 2019 तथा कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 एक ऐतिहासिक कोड है जिसमें पहली बार सेंट्रल गवर्नमेंट के स्तर पर फ्लोर वेज तय करने तथा राज्य सरकारों को इसके बराबर या इससे अधिक न्यूनतम वेतन राज्यों में तय करने का अधिकार दिया गया है। इस कोड के तहत न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी प्रत्येक 5 साल में हो सकेगी यह भी उल्लेखित है।

पहले अधिसूचित रोजगार में कार्यरत मजदूर ही केवल न्यूनतम वेतन का हकदार होता था अब इसमें बदल किया गया तथा कोई भी मजदूर जो 8 घंटे कहीं भी कार्य करेगा वह न्यूनतम वेतन पाने का हकदार होगा। इसी प्रकार कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 के तहत गिंग एवं प्लेटफार्म कर्मी के लिए पहली बार सोशल सिक्योरिटी का प्रावधान किया गया है। संस्थान के द्वारा किसी कर्मचारी हेतु निर्धारित राशि का कंटीब्यूशन ई.एस.आई.सी. (राज्य सुरक्षा बीमा) में जमा नहीं करने के एवज में ईएसआईजी अस्पताल के द्वारा श्रमिक की बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में उसका ईलाज नहीं किया जाता था। अब इस नए कोड के तहत निर्धारित कंटीब्यूशन की राशि यदि संस्थान के द्वारा ई.एस.आई.सी. के पास जमा नहीं भी की जाती है एतो भी श्रमिक की बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में उसका संपूर्ण इलाज ईएसआईसी हॉस्पिटल के द्वारा किया जाएगा यह इस कोड की अच्छाई है।

## श्री दादाजी धाम चार फाटक में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री दादाजी धूनी वाले सेवा समिति चारफाटक छिंदवाड़ा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दादाजी दरवार चारफाटक में गुरू पूर्णिमा का पर्व पूर्ण श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा।



कल 10 जुलाई दिन गुरुवार प्रात: 6:30 बजे श्री दादाजी महाराज का अभिषेक पूजन, प्रात: 8 बजे श्री दादाजी महाराज जी की प्रात: कालीन आरती, सायं 7:30 बजे दादाजी महाराज जी की महा आरती संपन्न होगी।

प्रात: कालीन आरती के पश्चात् महाप्रसादी का वितरण देर रात तक श्री दादाजी महाराज की इच्छा तक जारी रहेगा। श्री दादाजी धूनी वाले सेवा समिति के सभी सेवादारों ने समस्त दादा भक्तों से इस पुनीत कार्य में तन-मन-धन से सहयोग की अपेक्षा की।

## आइये, मिलकर बनाते हैं स्वच्छ छिन्दवाड़ा : दीपकराज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जीव रक्षा एवं पर्यावण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर प्रधान मंत्री की मंशा अनुसार लगाते हैं एक पौधा मां के नाम, प्लास्टिक की जगह करते हैं कपड़े की थैली का उपयोग, पानी को संरक्षित करने के लिए करते हैं वॉटर हार्वेस्टिंग और सब मिलकर बनाते हैं अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर छिंदवाड़ा।



उक्त उदगार व्यक्त किए नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वरिष्ठ समाज सेवी दीपक राज जैन ने। वे आकाशवाणी छिंदवाड़ा पर आयोजित कार्यकम विविधा में स्वच्छ भारत मिशन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर बोल रहे थे।

कार्यक्रम अधिकारी दीपांकर तिवारी से खास मुलाकात में श्री जैन ने कहा कि हमें स्वच्छता अपनी आदत में लानी होगी, जिसका शुभारंभ स्वयं से अपने परिवार से करनी होगी, पश्चात समाज एवं शहर को जोड़कर अभियान को सार्थक बनाना होगा। यह टीम वर्क है जिसमें टीम नगर पालिक निगम के साथ महापौर, आयुक्त स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैंपियन, स्वच्छता दूत एवं स्वच्छता मित्र के साथ हम सभी को मिलकर स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बनना पड़ेगा तब ही हमारा छिंदवाड़ा स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर छिंदवाड़ा कहलाएगा।

श्री जैन ने वर्षा काल में पौधारोपण करके प्रकृति को संरक्षित करने की बात कही साथ ही अभियान को शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का संदेश दिया। बारिश के दिनों में डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों से बचने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

गीला कचरा, सूखा कचरा एवं ई-कचरा को अलग- अलग संग्रहित कर नगर पालिक निगम की कचरा गाड़ी में डालने का अनुनय किया एवं सब्जियों के छिलके, रोटियां सहित अन्य बची हुई भोजन सामग्री को गौवंश एवं अन्य जानवरों को खिलाने का निवेदन कर जियो ओर जीने दो के साथ अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि अगर हम अपने अपने घर के सामने की आधी आधी सड़क को स्वच्छ रखें तो निगम की जरूरत ही नहीं पड़े। श्री जैन ने परिचर्चा के अंत में नगर वासियों से स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग करने का अनुनय किया ओर सभी सहयोगियों सहित स्वच्छता टीम एवं आकाशवाणी का आभार व्यक्त किया।

## छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में साइबर हाइजीन वर्कशॉप का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस संस्था के अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार के मार्गदर्शन में कल 08 जुलाई 2025 को दोपहर 3:30 बजे से साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम और साइबर हाइजीन वर्कशॉप का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. विवेकानंद वाघमारे एवं प्राध्यापक डॉ. सरफराज खान द्वारा अजय गोनेकर, डिस्ट्रिक्ट चीफ आई.एस.ई.ए. के प्रतिनिधि एवं गोल्डी कुशनेकर, ट्रेनिंग एवं इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी एजुकेशन अवेयरनेस विभाग का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपेश साहू ने किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों वक्ताओं ने साइबर धोखाधड़ी और साइबर जागरूकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने साइबर फ्रॉड के तेजी से बढ़ रहे मामलो और विभिन्न प्रकार के साइबर खतरों के बारे में और उनसे सुरक्षा के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता के महत्व एवं ऑनलाइन सुरक्षा युक्तियाँ के बारे में समस्त चिकित्सा शिक्षकों, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की।



इस अवसर पर फैकल्टी में डॉ. सिरपुरकर, डॉ. मेहता, डॉ. गौसेवाडे, डॉ. नागवंशी, डॉ. ठाकुर, डॉ. दंडोतिया, डॉ. अंजुलिका, डॉ. कपिल, डॉ. प्रतिमा, डॉ. कृति, डॉ. विनोद, डॉ. अनुराग और संस्था के कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसएएफ स्कूल में प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 08 जुलाई 25 को शा.उ.मा.वि. एस.ए.एफ. स्कूल में प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना धरती आबा से संबंध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी ग्राम प्रभारियों को आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया गया। इसमें। शिक्षकों को जिओ टैग फोटो लेकर रैली दीवार लेखन का प्रचार प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में सहायक संचालक आदिवासी विभाग सातनकर, बोरकर, बी.ई.ओ. अशरफ अली एवं बी.आर.सी. अजय केकतपुरे उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 85 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 8 जुलाई 2025 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 85 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पी.एम. जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। कलेक्टर ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम रावनवाड़ाखास के लालदास पाल ने विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध्दघुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र बनवाने, चौरई के वार्ड नंबर-11 के मदनलाल अहरवार ने आवेदक के निजी स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि से अनावेदकगण का अवैध कब्जा हटाने, ग्राम अर्जुनवाड़ी की श्रीमती गरीबा सांगोले ने घर में लगी आग व कृषि सामान के जलने का मुआवजा दिलाने, अमरवाड़ा के ग्राम बन्धानी के घनश्याम ने वनभूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम उमरेठ की कीर्ति चौरसिया ने आबादी भूमि का पट्टा प्रदाय करने, ग्राम गोनावाड़ी के नन्दकिशोर यदुवंशी ने दुर्घटना सहायता राशि दिलाने, चौरई के वार्ड नंबर-13 की मूलिया बाई ने आवास प्रमाण पत्र/पट्टा की दूसरी प्रति पदाय किये जाने, ग्राम उरधन की अनुसुईया बेलवंशी ने पुत्र को छात्रावास में प्रवेश दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-16 के गोविन्दसिंग रघुवंशी ने खानदानी स्वयं की भूमि खसरा नंबर- 248/1 का नक्शा में त्रुटि सुधार कराने, छिंदवाड़ा नगर के राजकुमार त्रिपाठी ने कृषि भूमि के खसरा में नाम सुधारने, नगर के रानीकोठी की ज्योति सारवान ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, नगर के नितेश शोमल ने राशन कार्ड बनाने, नगर के वार्ड नंबर- 32 की गीता धुर्वे ने पुत्र-पुत्री के लिये स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार एवं प्रभारी ए.डी.एम. अंकिता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुए।

# बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश शिवहरे के निर्देशन में एवं सहायक संचालक हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक नोडल अधिकारियों बाल संरक्षण समिति को बाल संरक्षण पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन तहसील सभागार छिंदवाड़ा में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास से जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश सिंह, सहायक संचालक डॉ. हेमंत छेकर, बाल संरक्षण अधिकारी छिंदवाड़ा चन्द्रशेखर नागेश और अंजना पवार, जिला छिंदवाड़ा के समस्त ब्लॉक बाल संरक्षण समितियों के सचिव व नोडल अधिकारी समस्त परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षक उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यशाला में सर्वप्रथम बाल संरक्षण अधिकारी अंजना पवार द्वारा उक्त प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं और चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के विषय में अवगत कराते हुए नि:संतान दंपति द्वारा बच्चा गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया और कारा के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदान करते हुए ब्लॉक व ग्राम बाल



संरक्षण समितियों के कार्य-कार्यवाहियों बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और वन स्टॉप सेंटर में समस्त प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को आश्रय, विधिक, पुलिस, परामर्श, चिकित्सा की सहायता प्रदान की जाती है के संबंध में वन स्टॉप सेंटर की रूपरेखा तथा वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदाय की जा रही सुविधाओं सेवाओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

तत्पश्चात जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश सिंह द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किस तरह से हम उस योजनाओं से आम नागरिकों को लाभान्वित कर सकते हैं के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदान करते हुए महिलाओं, बच्चों से सम्बंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

चन्द्रशेखर नागेश बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए संचालित विभिन्न बाल-कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मु.मं. बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई और बच्चों से संबंधित बाल अधिकारों, किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बाल कल्याण समिति की कार्यवाहियों तथा किशोर न्याय बोर्ड की कार्रवाइयों से अवगत कराया गया।

किस तरह से कोई बालक देखरेख एवं संरक्षण की श्रेणी में तथा विधि का उल्लंघन करने वाली के श्रेणी में आता है के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया साथ ही में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं को लैंगिक शोषण से बचाने संबंधी विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया।

## कांग्रेस सेवादल ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल ने आदिम जाति कल्याण विभाग सहायक आयुक्त के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। कांग्रेस सेवादल ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्तमान में छिन्दवाड़ा जिले में स्थित छात्रावासों में सीट की संख्या कम पड़ रही है, जिसके कारण गरीब आदिवासी छात्र-छात्रावासों में महंगे किराए से मकान लेकर रहने को मजबूर है। उनकी सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह बना रहता है जिसके कारण वे मन लगाकर पढ़ाई नहीं कर पाते।

कांग्रेस सेवादल ने ज्ञापन प्रस्तुत कर छात्रावासों में सीट वृद्धि कर छात्र-छात्राओं की सम्पूर्ण सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले, रमेश बेले, शेषराव उइके, राकेश मरकाम, विजयी डेहरिया, मनोज मर्सकोले, ऋषि उइके, विक्की डेहरिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### सार समाचार

## सुख, शांति समृद्धि की कामना के साथ छिंदवाड़ा सांसद ने दादाजी दरबार में टेका माथा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने 13 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा को पूरी करते हुए मंगलवार को दादाजी धुनीवाले दरबार खंडवा में अपने दादा भक्त पदयात्रियों के साथ निशान अर्पित करते हुए माथा टेका और अपने परिवार में श्रीमती शालिनी साहू, वंश कृष्णा साहू सहित दादाजी धुनीवाले से अर्जी लगाते हुए जिलेवासियों के लिए सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों के खंडवा पहुंचने पर खंडवा के कई सामाजिक और राजनितिक संगठनों ने सांसद बंटी विवेक साहू सहित सभी दादा भक्त पदयात्रियों सम्मान व स्वागत किया। पदयात्रा के अंतिम दिन पदयात्रा में खंडवा और छिन्दवाड़ा के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रमुखजन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने मंगलवार की सुबह 5 बजे अमलपुरा से अपनी अंतिम दिन की पदयात्रा शुरू की।



अंतिम दिन की पदयात्रा में प्रमुख रूप से आध्यात्मिक गुरु विवेक, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, खंडवा भाजपा जि़लाध्यक्ष राज्यपाल तोमर, खंडवा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, खंडवा की पटेल सेवा समिति अध्यक्ष मदन भाउ ठाकरे, छिन्दवाड़ा बड़ी माता ट्रस्ट से मुकुल सोनी, छिन्दवाड़ा व्यापारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक संजय जैन, वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज सहित अन्य प्रमुखजन शामिल थे।

## 50 हजार की आबादी वाले परासिया में शव वाहन नहीं

**परासिया, देशबन्धु।** 50 हजार की आबादी वाले परासिया नगर में एक भी शव वाहन नहीं है। नगर पालिका के पास एक शव वाहन था जो महीनों से बिगड़ा हुआ है। नगरवासियो को जरूरत पड़ने पर आसपास के नगरीय निकायों से शव वाहन बुलाया जाता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। मंगलवार को शव वाहन नहीं होने एवं जनता की परेशानी को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत की गई है। वही नगर के मुख्य मोक्षधाम में नियमित सफाई नहीं होने के कारण बदहाल स्थिति है। कचरा यहां. वहां पड़ा रहता है। लोगों की शिकायत है कि टंकी में पानी नहीं रहता है। मोक्ष धाम में घर से पानी ले जाना पड़ता है।

## छिंदवाड़ा में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान हुआ प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा पूरे उत्साह के साथ किया गया है। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा जिसमें शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की भागीदारी के साथ विशेष जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जैसा कि शासन द्वारा निर्धारित किया गया है कि स्वच्छ स्कूल, विभिन्न स्कूलों में छात्रों को स्वच्छता से जोड़ते हुए गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस सप्ताह 5 स्कूलों के 800 से अधिक बच्चों ने रैली, चित्रकला, शपथ एवं हैंडवॉश डेमो में भाग लिया। स्वच्छ घर वार्ड-वार डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान में स्वच्छता दूतों ने करीब 670 घरों तक जाकर सूखा-गीला कचरा पृथक्करण, चार डस्टबिन प्रणाली, और प्लास्टिक प्रतिबंध की जानकारी दी।

## डीपीएस के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्रैफिक सुरक्षा और पौधरोपण का दिया संदेश




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिल्ली पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा के छात्रों ने जन समुदाय को जागृत करने हेतु सोमवार को फव्वारा चौक पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को ट्रैफिक सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। छात्रों द्वारा की गई इस पहल ने स्थानीय नागरिकों का ध्यान आकर्षित करते हुए खूब प्रशंसा बटोरी तथा सभी ने छात्रों द्वारा किए गए इस प्रयास व उनके संदेश की सराहना की।

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम दिल्ली पब्लिक स्कूल के ''इंस्पायरिंग हैंड क्लब'' के नेतृत्व में आयोजित किया गया जो सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य करता है तथा पूर्व में भी समाज में जागरूकता फैलाने एवं विभिन्न प्रकार के सामाजिक क्रियाकलापों में अपना अग्रणी योगदान दे चुका है। वर्तमान में इस क्लब ने एनएचएआई के सहयोग से बैतूल सर्कल हाईवे मार्ग को गोद लिया है जहां नियमित पौधारोपण और देखरेख का कार्य किया जा रहा है। छात्रों ने स्थानीय नागरिकों से भी इस हरित अभियान में सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर 'महापौर विक्रम आहके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से समाज में जागरूकता आती है और छात्र पूरे समुदाय के लिए प्रेरणा बनते हैं।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्राचार्य हबीब खान के मार्गदर्शन में हुआ छात्रों का उत्साहवर्धन करने हेतु स्कूल प्रशासन की ओर से संतोष मिश्रा एवं वरिष्ठ शिक्षक लोकनाथ भी उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्सऔर क्लब के अध्यक्ष विवेक चौहान समेत समस्त सदस्यों के जोरदार प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया।

इस प्रस्तुति के माध्यम से डीपीएस छिंदवाड़ा ने बार फिर यह साबित कर दिय कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी सदैव तत्पर रहा है

## कांग्रेस की ग्रामीण भाग एक व दो की आवश्यक बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस बूथ स्तर के पदाधिकारी की तैनाती पर विशेष जोर दे रही है ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सके। नेताद्वय की मंशानुसार स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक व भाग दो की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में कांग्रेस की गतिविधियों के साथ ही



बीएलए बूथ स्तर के पदाधिकारी बनाए जाने पर चर्चा की गई।

राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई बैठक में छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक व भाग दो के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय संयोजकों की उपस्थिति में कांग्रेस के मतदाता सूची प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने सर्वप्रथम बूथ स्तर के पदाधिकारी बीएलए की नियुक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी जिसे भी दी जाए वह गम्भीरता से फार्म भरें।

आज दिनांक से विधानसभा व लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने तक बूथ स्तर के पदाधिकारी की सम्पूर्ण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने फार्म आई.डी., बीएलए दो भरने के साथ ही एक अन्य फार्म जिसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ने व मृत मतदाताओं के नाम काटे जाने की प्रक्रिया से अवगत कराया साथ ही सभी फार्म को भरने की जानकारी भी दी। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के फार्म भरे जाने से सम्बंधित सवालों का जवाब भी मतदाता सूची के प्रभारी श्री मिश्रा के द्वारा दिए गए।

आयोजित बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने सम्बोधित करते हुए छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक व भाग दो में कांग्रेस की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सक्रियता नितांत आवश्यक है। क्षेत्र की समस्याओं को गम्भीरता से उठाने व सुलझाने के प्रयास सतत करें। पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने व काटने की प्रक्रिया पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह कार्य पूरी लगन व गम्भीरता के साथ करें ताकि मतदाता सूची में होने वाली गड़बड़ी को रोका जा सके की जानकारी दी गई।

# तिरपाल से ढंकी जमकुंडा स्कूल की जर्जर छत

## पढ़ने के लिए बच्चे जोखिम उठाने को मजबूर ग्राम सरपंच की मनमानी से बढ़ी परेशानी

**परासिया, देशबन्धु।** ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक शाला भवनों के हाल बेहाल है। उचित रखरखाव के अभाव में यह भवन जर्जर हो चुके हैं। यही हाल ग्राम पंचायत जमकुंडा के शासकीय प्राथमिक शाला का भी है। इसकी स्थापना सन् 1984 हुई है यह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है इस भवन की छत में लगी लकड़ी अधिकांश ख़राब हो चुकी है एवं कवेलू से पानी टपकता हैं पानी के बचाओं के लिए शिक्षक के द्वारा छत को तिरपाल से पूरी तरह ढका गया है उसके बाद भी जान जोखिम में डालकर मजबूरी में छात्र-छात्राओं को इसी जर्जर भवन में ही अध्यापन करना पड़ रहा है।

इस भवन में हादसा होने का भय बना रहता है। जर्जर एवं खस्ताहाल भवन के कारण शासन के द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति सघन बस्ती योजना के अंतर्गत 2023 में 5 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाना था लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा तीन वर्ष पूर्व ही लगभग तीन लाख रुपए निकल लिए लेकिन भवन का निर्माण नहीं किया गया। इस फर्जीवाड़ा की शिकायत पंच एवं ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. से करने के बाद आनन फानन कार्यवाही के भय से निर्माण कार्य शुरु कर दिया जो आज भी अधूरा है। पालकों और ग्रामीणों ने नवीन शाला भवन का निर्माण करवाए जाने एवं लापरवाही के लिए सरपंच, सचिव पर कार्यवाही किये जाने की मांग जिला कलेक्टर से की है।

**खतरे के साए में छात्र, हो सकता है बड़ा हादसा**

शासकीय प्राथमिक शाला जमकुंडा का भवन लगभग 40 साल पुराना है कक्षा पहली से पांचवी तक लगभग 50 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। भवन की छत लकड़ी और कबेलू की बारिश के दिनों में भवन की छत से पानी के साथ कवेलू भी गिरते है रहता है। दीवारों में भी दरारें पड़ गई है। जिससे दीवारों के गिरने का भय बना रहता है। विकास एवं शिक्षा के नाम पर शासन द्वारा पानी की तरह पैसा बहाने के बाद भी योजना का लाभ मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत जमकुंडा की है जहां स्कूल की जर्जर छत को तिरपाल से ढककर उसके नीचे शिक्षा पाने मजबूर है



**तीन साल पूर्व निकाली राशि अधूरा किया निर्माण**

अनुसूचित जाति जनजाति सघन बस्ती योजना के तहत 5 लाख रुपए की लागत से शाला में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होना मार्च 2023 में स्वीकृत हुआ है। जिसका कोड क्रमांक 101092572 है। जिसकी 3 लाख 35 हजार रुपये राशि पूर्व में सचिव सरपंच द्वारा निकाल कर राशि का दुरुपयोग एवं अपने निजी हित में किया गया पंचायत के जिम्मेदारी की हद तो तब हो गई कि अतिरिक्त कक्ष का निर्माण नहीं किया, अतिरिक्त कक्ष संबंधित शिकायत कलेक्टर से करने के बाद सरपंच, सचिव के द्वारा आनन फानन में निर्माण कार्य शुरु किया जो बेहद घटिया किया है जो आज भी अधूरा है जिसके कारण जर्जर भवन में बच्चो को बैठाया जा रहा है और हमेशा हादसा का भय बना रहता है ।

**शिकायतों के बाद भी नहीं हो कार्रवाई**

फर्जीवाडा और भ्रष्टाचार के लिए हमेशा से सुर्खियो में रहने वाली जमकुंडा पंचायत के सरपंच सचिव व अधिकारियों मिलीभगत के वजह से खुला संरक्षण प्राप्त होने के कारण इन के हौसले बुलंद है सी.सी. सड़क, निस्सारी तालाब, पाईप लाईन बिछाने के नाम पर लाखों रूपये की राशि का आहरण करने बाद अब भ्रष्टाचार करने वालों ने शिक्षा का मंदिर को भी नहीं बक्शा पंच सहित ग्रामीणों के द्वारा दर्जनो शिकायत के बाद भी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ती करने के कारण ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है ।

**हादसा के बाद जागता है प्रशासन**

सरकार की विकास की एक और तस्वीर सामने आई है सालो पुराने जर्जर भवन की छत को तिरपाल से ढका गया है उसमें बच्चों को बैठाया जा रहा है किसी बड़े हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता है, सरकारी तंत्र हमेशा ही किसी भी अप्रिय घटना घटित होने के बाद ही नीद से जागता है। शासन के द्वारा अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि देने के बावजूद भी सरपंच / सचिव के द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूरा नही किया गया न ही शिकायत के बाद कार्यवाही की गई। इस दोहरे रावैया से प्रशासन की मंशा पर कई सवाल को जन्म देता है। पंच एवं ग्रामीण का कहना है कि अगर किसी भी तरह का स्कूल में हादसा या घटना घटित होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरपंच सचिव और प्रशासन की होगी।